हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 जून 2024

04 जगदीश मंदिर में भंडारा, एक क्विंटल की खीर की...



07 एंट्री ड्रग ऑपरेशन की कार्वाई में नारकोटिक्स...






## खबर संक्षेप

### रेलवे ने की 19 जून तक 12 ट्रेनें निरस्त

**सीहोर।** दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के मुडारिया स्टेशन पर रेल लाइन जोड़ने किए जाने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इंदौर से बिलासपुर के बीच चलने वाली नर्मदा एक्सप्रेस की 8-8 ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। रेल मंडल से चलने वाली इंदौर-बिलासपुर ट्रेन बुधवार 19 जून तक और बिलासपुर इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 13 से 20 जून तक निरस्त रहेगी। नर्मदा एक्सप्रेस के साथ-साथ अंचल की 12 अन्य ट्रेनें भी निरस्त रहेंगी। इन ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों को समस्या होगी।

### मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज ने विधायक एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि विद्युत विभाग सीहोर नगर द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को माह मई 2024 के मासिक बिजली खपत रीडिंग के बिल जानबूझ कर एक माह से अधिक की रीडिंग के बिल प्रदान किये गये हैं इस सोची समझी कृत से सीहोर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा से वंचित हो रहे हैं, जो चिंतनीय है। मांग की गई है कि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ प्रदान करने हेतु विद्युत विभाग अगले माह का बिजली खपत बिल 15 को देने हेतु विद्युत कम्पनी को निर्देशित करने से खपत कम आवेगी फलस्वरूप उपभोक्ताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट लाभ प्राप्त होगा एवं विद्युत कम्पनी द्वारा की गई गलती का समायोजन होगा। इससे अल्प पेंशन भोगी वरिष्ठ नागरिक एवं क्षेत्र की जनता को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

### अपर जिला मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी बनाया

**सीहोर।** विभिन्न आपदाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं मे व्यक्तियों के घायल होने या मृत्यु होने की सूचनाएं प्राप्त होती है। इस प्रकार की आपदाओ, घटनाओं में मृतक के परिवार, घायल व्यक्ति द्वारा आर्थिक सहायता की मांग की जाती है। राज्य शासन द्वारा सोलोयियम योजना, शासन के विभिन्न विभागो से समन्वय कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा अपर जिला मजिस्ट्रेट वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

### ट्रांसफार्मर खराब है तो 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर** | मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं।

### सभी को जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा : राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

# कांकरखेड़ा में श्रमदान, सुरक्षित कल के लिए जल का संरक्षण हम सबकी महती आवश्यकता है : सिलावट

इस अभियान के अंतर्गत नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि जल सरचनाओं का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कर उन्हें उपयोगी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जल ही जीवन का आधार है। पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल के इसी महत्व को देखते हुए भारतीय संस्कृति में जल की पूजा होती आ रही है। आने वाले कल के लिए जल संरक्षण महती आवश्यकता है। यह बात जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट में इछावर जनपद के ग्राम कांकरखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में कही।

मंत्री सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अभियान से जहां एक ओर जल के संरक्षण और संवर्धन में मदद मिलेगी वहीं दूसरी और पर्यावरण में भी सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि जल सरचनाओं का जीर्णाद्धार और नवीनीकरण कर उन्हें उपयोगी बनाया जायेगा। केचमेट एरिये से अवरोध हटाकर पानी के आवक में वृद्धि की जायेगी। तालाबों के किनारों पर हरित क्षेत्र बफर जोन तैयार किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि वर्षा के जल को ज्यादा से ज्यादा संचित कर भू-जल स्तर में वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश का अभियान है, पूरे समाज का अभियान है। इस अभियान में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 70 प्रतिशत कृषि पर आधारित है और पानी के बिना खेती किसानी संभव नहीं है। खेती साथ-साथ लोगों की जरूरतों के लिए भी पानी का संचयन करना होगा। उन्होंने कहा कि हम इतना पानी का संचय कर लें कि हर गांव, हर शहर पानी के लिए अत्म निर्भर हो जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील है कि वे अपने स्तर पर भी जल का संचयन के लिए छोटे छोटे प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के नदियों को जोड़ने की दूरदर्शिता का परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। केन बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती चंबल कालीसिंध आदि परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मंत्री सिलावट ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। वर्ष 2006 में प्रदेश की सिंचाई का रकबा सात लाख हेक्टेयर था जो बढ़कर आज 47 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि साल 2025 में खेती का रकबा 65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। मंत्री सिलावट ने देश एवं प्रदेश सरकार की अनेक विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है।

### क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे- राजस्व मंत्री श्री वर्मा

कांकरखेड़ा में आयोजित जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है। हम सभी को जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। वर्षा के जल को जितना अधिक रोक सकें रोकना होगा। नदी, तालाबो, कुओं, बावड़ियों, पोखर के साथ ही सभी जल स्त्रों की सफाई, गहारीकरण एवं जीर्णांद्वारा करना होगा ताकि ज्यादा से ज्यादा पानी जमा किया जा सके।

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि इछावर क्षेत्र के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उहोंने ने कि इछावर की जनता का सम्मान ही मेरा सम्मान है। मैं आपनी जनता के हर सुख-दुख में साथ हूँ और उनके कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर काम करता रहूंगा।

उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंन कहा कि प्रदेश के लोगों को राजस्व संबंधी कामों के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए दो माह तक राजस्व अभियान चला गया, जिसमें 30 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों निरकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नियम बना दिया गया है कि सम्पत्ति की खरीदी बिक्री के 20 दिन के अन्दर नामान्तरण हो जाएगा।

इसी प्रकार सीमांकन की भी 30 दिन सीमा तय कर दी गई है। मंत्री वर्मा ने कहा कि उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निघि, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, निशुल्क राशन वितरण जैसी अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम के आरंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय ने भी संबोधित किया।

**इन कामों के जल संसाधन मंत्री ने दिए निर्देश :** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के आग्रह पर कांकरखेड़ जलाशय की क्षतिग्रस्त नहर का सुधार, पाल पर झाड़ियों की सफाई एवं पिचिंग रिसेटिंग का कार्य किये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बीरपुर उद्वहन सिंचाई योजना में अतिरिक्त कमाण्ड क्षेत्र 800 हेक्टेयर ग्राम अबिदाबाद का परियोजना में शामिल करने के भी निर्देश दिए।



### तालाब गहरीकरण के लिए श्रमदान

ग्राम कांकरखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के पश्चात राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसडीएम जमील खान, जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक चौकसे, जनपद सीईओ शिवानी मिश्रा, सन्नी गौरव महाजन, कैलाश सुराना, पप्पू नागर, जसपाल अरोरा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवको तथा नागरिकों ने तालाबगहरीकरण कार्य के लिए श्रमदान किया।

### मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

ग्राम कांकरखेडा मरी नारायाणी माता मंदिर परिसर में मंत्री श्री सिलावट एवं मंत्री वर्मा ने अनेक प्रजातियों का पौधरोपण किया। पौधरोपण के पूर्व मंत्री द्धय ने मंदिर में माता की पूजा अर्जना की और देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

# शाहगंज पुलिस ने किया लूट का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार, लूटा माल किया बरामद



**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी ने अति.पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र में लूट के प्रकऱण में तत्काल आरोपी का पता लगाने हेतु दिशा निर्देश दिये थे। थाना शाहगंज पुलिस द्वारा अपराध क्र 150/24 धारा 394,34 भादवि में अज्ञात लूट के आरोपियों का पता लगाने में सफलता प्राप्त की है।

7 जून को फरियादी दीपक पिता परसराम यादव उम्र 38 साल निवासी ग्राम जवाहरखेडा थाना शाहगंज जिला सीहोर ने रिपोर्ट किया कि 7 जून को फरियादी कृषि उपज मंडी सेमरी हरचंद जिला नर्मदापुरम से धान बेचकर वापस अपने घर आ रहा था एवं धान के रुपए 95800/- उसके पास थे तभी रास्ते में नारायणपुर हनुमान मंदिर की मढ़िया के पास आम के पेड़ के नीचे दो अज्ञात व्यक्तियों ने अपनी पमोटरसाइकिल से फरियादी के ट्रैक्टर के सामने खड़ी कर सिर में डंडा मारकर जेब में रखे 95800 रुपये निकाल कर लूट लिए व दोनों लड़के मोटरसाइकिल से भाग गए। रिपोर्ट पर थाना शाहगंज में अपराध पंजीबध्द किया गया।

**पुलिस द्वारा कार्रवाईः** उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियो की पतारसी हेतु सीसीटीवी फुटेज देखे गये एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर मुखबिर मामुर किये गये थे व अज्ञात आरोपियों की पतारसी में थे कि 11 जून को थाना प्रभारी शाहगंज को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि लूट की घटना करित करने वाले हुलिए के दो व्यक्ति मोटर साइकिल के साथ जैत जोड पर बैठे है मुखबिर की सूचना को गंम्भीरता से लेते हुए थाना प्रभारी शाहगंज द्वारा तत्काल टीम को आरोपियो की धरपकड एवं त्वरित कार्रवाई हेतु रवाना किया गया जहां जैत जोड पर दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए व्यक्तियों से अपराध की घटना के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से पूछताछ की गई तो आरोपियो द्वारा 7 जून को फरियादी के साथ 95800/- रुपये की लूट करना स्वीकार किया आरोपीगणों से घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल व लूट की राशि बरामद की गई। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरी. पंकज वाडेकर, उनि कृष्णा मंडलोई, प्र.आऱ.सचिन जाट, प्र.आऱ. विघासागर, आर. नरेन्द्र चौरे, आर. अनुज यादव, आर. संदीप मेहर, आर.अनिरुध्द पटेल, आर. लोकेश जाटव, आर.चालक दिनेश गठोले, म.आर. सारिका चौहान आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सट्टा के दो आरोपियों से पचास हजार रुपए के साथ पर्ची की जब्त

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक जिला सीहोर मंयक अवस्थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग द्वारा जिले के समस्त थानो को अवैध जुआ सट्टा की कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। उक्त तारतम्य में एसडीओपी बुधनी शशांकसिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में 10 जून को बुधनी पुलिस को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर कस्बा बुदनी से 2 आरोपी भानू वर्मा पिता मनोहरलाल वर्मा 42 निवासी बुधनी घाट बुधनी, नरेश राठौर पिता बाबूलाल राठौर 47 नि. वार्ड 8 राधकृष्ण मंदिर के पास बुधनी से सट्टा अंक लिखी पर्ची, लीड पेन व नगदी कुल 25000 रुपए एवं 2 मोबाइल फोन कीमती करीब 25000 रुपए कुल 50000 रुपए की जब्त किया जाकर आरोपियो के विरूद्ध सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. चैनसिंह रघुवंशी, उनि संदीप जाट, प्रआऱ लोकेश रघुवंशी, प्रआऱ. सतीश रणवीर, प्रआऱ. हरिसिंह गठोले, प्रआर डॉली मौर्य, प्रआर रीना श्रीवास्तव, आर हर्षित मालवीय का योगदान रहा।

## बस व बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार 2 लोग और बस में सवार 2 महिला यात्रियों की मौत

**शाहगंज थाना क्षेत्र के परसवाड़ा के पास हुआ हादसा, दर्जनभर यात्री हुए घायल**



**सीहोर।** बुधवार शाम करीब 6 बजे शाहंगज थाना क्षेत्र के ग्राम परसवाड़ा के समीप बस और बाइक में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई, वहीं बस में सवार दो महिला यात्रियों की भी मौत हो गई। जबकि लगभग एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भोपाल से बकतरा जा रही चौरसिया बस बुधवार शाम जब शाहगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परसवाड़ा के समीप पहुंची तभी चालक ने सामने से बाइक पर आ रहे युवकों को बचाने का प्रयास किया।

लेकिन फिर भी बस और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार अभयराम और मंगलसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस पर काबू नहीं रख पाया और वह कुछ दूरी पर जाकर पलट गई। इससे बस में सवार दो महिलाओं चरनी बाई और आरती बाई की बस के नीचे दबने से मौत हो गई। दोनों महिलाएं ग्राम नीमटोन निवासी बताई जाती हैं। बस पलटने से लगभग एक दर्जन यात्री भी घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। सभी घायलों को उपचार के लिए शाहगंज और बुदनी के अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रियों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

# प्रदर्शनः कलेक्ट्रेट के सामने बजरंग दल ने जलाया पाकिस्तान का पुतला, डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






कलेक्ट्रेट के सामने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला जलाया। बजरंगियों के द्वारा वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रियों पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुश्वाहा के नेतृत्व में विभिन्न पदाधिकरियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद रजावत को दिया। निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्रियों की हत्या करने वाले पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों को शीघ्र जहान्नूम पहुंचाने और इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी समुचित इलाज कराने की मांग बजरंगियों के द्वारा केंद्र सरकार से की गई।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुयों की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया था जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, जिनमे महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं, संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली इस घटना से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है. लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी भी कम नहीं हुआ है हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी गई हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है।

देश की नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल हिन्दू मृतक तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। प्रदर्शन में प्रांत उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, जिला मंत्री राकेश विश्वकर्मा, जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा, जिला सहसंयोजक आशीष सिसोदिया,जिला कौशल अध्यक्ष महेश मेवाड़ा, जिला सेवा प्रमुख गगन नामदेव, अखाड़ा प्रमुख अन्नू चौहान, नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, नगर मंत्री यग्नेश राठौर, नगर अखाड़ा प्रमुख मुकुल कुशवाहा, नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाहा, सह मंत्री गिरीश पाठक, मठ मंदिर प्रमुख शुभम कुशवाह, सह संयोजक समीर राय आदि शामिल रहे।

## जहानपुर में मूंग की नरवाई जलाते समय हादसा : खेत में बनी झोपड़ी में आग लगने से भूसा समेत लाखों के कृषि यंत्र जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुदनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जहानपुर में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां खेत में मूंग की नरवाई जलाते समय आग फैल गई और खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखा भूसा और लाखों रुपए का खेती का सामान भी जलकर खाक हो गया। वहीं, सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार सुबह 11:30 बजे हुआ। रवेंद्र सराठे व जितेंद्र सराठे के खेत में मूंग की नरवाई जलाई जा रही थी, उसी दौरान आग अचानक फैल गई और खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई, जिससे भूसा और अन्य कृषि यंत्र जल गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत आग पर काबू पाने की कोशिश की और फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

किसान के अनुसार झोपड़ी में रखा भूसा और खेती के उपकरण जल गए, जिसमें उसे करीब 1.5 लाख का नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट परिसर में 11 जून को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में शहर सहित जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 50 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने सभी आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, नितिन टाले सहित सभी संबंधित अधिकारियों ने जनसुनवाई की।

### किसानों से ई- खसरा खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाईट पर निःशुल्क देख सकते हैं।

### रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया

# जगदीश मंदिर में भंडारा, एक क्विंटल की खीर की प्रसादी होगी वितरित

शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और आगामी सात जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देर रात्रि को शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया था। हीरापुरा मानस मंडल ने इस मौके पर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद समाजजनों ने भंडारे का आयोजन किया था। इसमें सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल थे। इस मौके पर समाजनों को संबोधित करते हुए समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल ने सभी को बताया कि आगामी दिनों में भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व चल समारोह के अध्यक्ष विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि देर रात्रि को आयोजित भंडारे में एक क्विंटल की खीर बनाकर प्रसादी का वितरण किया गया था। वहीं हीरापुरा मानस मंडल समिति का समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह को नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश परमार, जगदीश मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह परमार, शिव परमार मुरली, महेन्द्र पटेल बिजोरा, सुरेश परमार, मांगीलाल परमार आदि ने स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने बताया कि इस साल भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और आगामी सात जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी से मंडी तक करीब तीन-चार किलोमीटर मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। सुबह मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है।

रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर सहित आस-पास के स्थानों पर तैयारियां जारी है। मंदिर के आस-पास के स्थान पर समाजजनों ने द्वारा साफ-सफाई कर मैदान का समतलीकरण कराया और समाजजनों की एक बैठक का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर यहां पर मौजूद समाजजनों ने बताया कि करीब 60 साल से निरंतर भगवान जगदीश की रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर इस साल भी परम्परानुसार भगवान की यात्रा आस्था के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा 1961 में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ शुरू की थी। रथ यात्रा का सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। परमार समाज के राज गुरु 232 मंदिरों के जीर्णोद्धार व अखिल भारतीय धर्म संघ के अध्यक्ष ब्रह्मलीन श्री 1008 पंडित काशीप्रसाद कटारे की प्रेरणा से इस मंदिर का जीर्णोद्धार सन 1961 में परमार समाज ने किया था। यात्रा दोपहर जगदीश मंदिर सब्जी मंडी से शुरू होकर नमक चौराहा, बड़ा बाजार होते हुए शहर के मंडी स्थित बाबा मंदिर पहुंचेगी।

आगामी सात जुलाई को सुबह भगवान को स्नान और अभिषेक कराने के बाद सिंहासन पर बैठाया जाएगा, जहां पर हवन, पूजन के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इसके लिए तैयारियां अभी से की जा रही है। आगामी दिनों में प्रचार-प्रसार सामग्री का निर्माण करने के पश्चात शहर सहित आस-पास के क्षेत्र में वितरण किया जाएगा और यहां पर मंदिर परिसर आदि में निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। समाजजनों के द्वारा ग्रामीण अंचलों में समाजजनों से सहयोग निधि एकत्रित की जा रही है और यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### रावनखेड़ा में पेड़ के नीचे ग्राम सभा

## सरपंच प्रतिनिधि ने कहाः श्मशान में लगेगा टीनशेड, सड़क का होगा निर्माण



**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत रावनखेड़ा में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें गांव में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की गई। गांव में पंचायत भवन नहीं है। इस कारण बैठक बरगद के पेड़ के नीचे की गई। बैठक में सरपंच और सचिव के सामने गांव के लोगों ने समस्याएं बताईं। सरपंच प्रतिनिधि मुस्ताक खान ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा शीघ्र ही गांव में स्कूल से डाल सिंह के मकान तक कंक्रीट सड़क निर्माण कराया जाएगा। माध्यमिक शाला में बाउंड्री वॉल निर्माण, श्मशान शेड लगवाने का आश्वासन दिया।

**पार्वती नदी पर पुल निर्माण की मांग :** बैठक में गांव की पार्वती नदी पर पुलिया बनाने की मांग पर जोर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पार्वती नदी पर बारिश के समय में पानी ज्यादा भर जाता है। नदी के उस पार श्मशान घाट और गांव के अधिकतर किसानों की लगभग 300 एकड़ जमीन है। जिस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**ये रहे मौजूद :** इसमें सरपंच प्रतिनिध मुस्ताक खान, सचिव दयाराम अहिरवार, रामजीवन, पप्पू पंडाजी, भोजराज मीना, मनोहर शर्मा, डाल सिंह, चतर्भुज, मोरसिंह मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मियों से दुर्व्यवहार और मारपीट पर होगी एफआईआर

**सीहोर।** बिजली के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई.आर. कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ होने वाली दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

## सीहोर विधायक, कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ वीसी के माध्यम से शामिल हुए




**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले माह में विभिन्न पर्व-त्यौहार के संबंध में मजबूत कानून व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिलों के कलेक्टर्स और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिला मुख्यालय सीहोर के एनआईसी कक्ष से विधायक सुदेश राय, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी मयंक अवस्थी तथा जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी वीसी के बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी त्यौहार सद्भाव के वातावरण में मनाए जाएं। शांति व्यवस्था को आंच पहुंचाने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हो। ऐसे तत्वों पर अंकुश बना रहे। साथ ही गौवंश का सम्मान सुनिश्चित हो, कालाबाजारी और मिलावट करने वाले तत्वों के विरूद्ध अभियान जारी रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। बाढ़ और आपदा की स्थितियों में प्रशासन नागरिकों के सहयोग के लिए तत्पर रहे। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज हो रही शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल से पहले नर्सरियों में पौधे तैयार करने, सीड बॉल्स तैयार करने और अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल पौधों की प्रजातियों का चयन करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा खरीफ की बोवनी के समय खाद, बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने जानकारी दी कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में निरंतर रैक आ रहे हैं। किसानों को किसी तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल चले हम अभियान, कॉलेज चले हम अभियान और आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव वीरा राणा, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

### छात्रावास में प्रवेश लेने फार्म जमा की अंतिम तिथि 30 जून

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास, आश्रमों का एमपी टॉस मॉडयूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2024-2025 में जो छात्र/छात्राऐं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाईल पंजीयन आवश्य कराये। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाईल पंजीयन अनिवार्य है। बिना प्रोफाईज पंजीयन के छात्र/छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जावेगा। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 निर्धारित की गई है। जिला संयोजक ने जानकारी दी कि वेवसाईट **WWW.Tribal.mp.gov.in MPTAAS** पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाईल पंजीकरण किया जा सकता है।

## थाना भैरूंदा पुलिस ने नाबालिक अपरहणकर्ता को किया दस्तयाब, आरोपी को भेजा जेल

**भैरुंदा।** 21 फरवरी 2024 को फरियादी ओमप्रकाश उईके निवासी आम्बाकदीम चौकी लाड्कुई भैरूंदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई 20 फरवरी 2024 को फरियादी की नाबालिक बेटी उम्र 16 वर्ष स्कूल के लिये निकली थी जो लोट कर नही आई। जिसकी तलाश आस पडोस में सभी जगह किया कोई सूचना नही मिलने से फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 57/24 धारा – 363 भादवि कर मामला दर्ज कर लिया गया।

अपराध के पश्चात घटना की गंभीरता को देखते हुऐ सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा नाबालिक बालिका की तत्काल बरामदगी व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भेरूंदा निरीक्षक घनश्याम दाँगी के नेतृत्व में अपराध क्रमांक 57/24 धारा – 363 भादवि में अपृहरता व संदेही की तलाश हेतु टीम गठित की गयी।आरोपी की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त किया जिसके परिणास्वरुप आरोपी 11मई को मुखविर की सूचना पर रेहटी बस स्टेण्ड से आरोपी साँवल सिंह यदुवंशी पिता सुमेर सिंह यदुवंशी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बोरी डोंगरी थाना रेहटी के कब्जे से अपृहरता उम्र 16 वर्ष को दस्तयाब किया गया व अपृहरता के कथन लेने एवं मेडिकल परीक्षण कराने उपरान्त अपृहरता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपृहरता के कथन के आधार पर आरोपी साँवल सिंह यदुवंशी को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। न्यायालय व्दारा आरोपी को जेल भेजा गया । उप निरी पूजा सिंह राजपूत, उप निरी राजेश यादव , सउनि सुंदर लाल सरयाम, म. आर. प्रीती काजले एवं म. आर दीपिका मेहरा का सराहनीय योगदान रहा।

## एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी में रायल फाइटर ने स्पार्टन्स स्ट्राइकर को पांच रन से हराया

**सीहोर।** एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में शहर के बीएसआई पर जारी एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी में मंगलवार को खेले गए एक रोमांचक मैच में रायल फाइटर ने स्पार्टन्स स्ट्राइकर को पांच रन से हराया। इस मैच में अनिल वर्मा ने 11 रन और तरुण ने 20 रन की पारियां खेली।

मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायल फाइटर ने निर्धारित 12 ओवर में छह विकेट खोकर 69 रन बनाए थे। इसमें अनिल वर्मा ने 11 गेंद पर 11 रन और तरुण ने 15 गेंद पर 20 रन की पारी खेली। इधर स्ट्राइकर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश प्रजापति ने दो ओवर में आठ रन देकर दो विकेट, कार्तिक किरार ने दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पार्टन्स स्ट्राइकर की टीम निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट खोकर 64 रन ही बना सकी। इसमें सेरायंश ने 17 गेंद पर 13 रन बनाए थे। उनके सलामी बल्लेबाज प्रिंस मेवाड़ा-3 रन और कार्तिक मेवाड़ा-3 रन पर आउट हो गए थे। वहीं रायल फाइटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए यशवर्धन ने दो ओवर में 10 रन देकर चार विकेट, तरुण कुशवाहा ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट और नैतिक गोहिया ने तीन ओवर में आठ रन देकर एक विकेट हासिल किया।

**फ्यूचर मैक्र्स ने वारियर्स को हराया :** डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एक अन्य मुकाबला वारियर्स और फ्यूचर मैक्र्स के मध्य खेला गया। इसमें वारियर्स ने निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट खोकर 71 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्यूचर मैक्र्स ने 10.5 ओवर में जीत हासिल की।

## कलेक्टर सिंह ने ग्रीष्मकालीन फसल के रकबे सत्यापन कराने के दिए निर्देश

**सीहोर।** प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन फसल मूंग का समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 10 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी।

जिला उपार्जन समिति द्वारा उत्पादित ग्रीष्मकालीन फसल मूंग के पंजीयन करने के लिए 48 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया था। जिनके माध्यम से जिले में 29448 किसानों द्वारा 74772.05 रकबे का पंजीयन करवाया गया है। पंजीकृत कृषकों के रकबे की सत्यापन रिपोर्ट अनुसार 10 जून 2024 की स्थिति में अभी तक मूंग के पंजीकृत कृषकों का सत्यापन नहीं हुआ है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को पंजीकृत मूंग फसल एवं रकबे का पूर्ण सत्यापन कराने एवं रकबे अनुसार मूंग फसल का उपार्जन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

## जिला स्तरीय फुटबॉल मेले का 19 जून को शुभारंभ



**सीहोर।** बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता अखिल भारतीय फुटबाल संघ के अनुसार 19 जून से है प्रतियोगिता का आयोजन कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा आयोजित कराई जा रही है इस प्रतियोगिता में 20 टीमें भाग ले रही हैं यह प्रतियोगिता फुटबॉल मेले के नाम से जानी जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि चर्च मैदान पर इन दिनों अंडर-10 से लेकर अंडर-15 की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। बुधवार को होने वाली प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 8 से 12 वर्ष तक के खिलाडिय़ों को खेलने की पात्रता होगी इस प्रतियोगिता में प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे यह प्रतियोगिता कम से कम 8 से 10 दिन तक स्थान चर्च ग्राउंड पर आयोजित की जाएगी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त करते हुए वरिष्ठ खिलाड़ी श्री अनुराग पांडेय मध्य प्रदेश के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट कोटक महिंद्रा बैंक एवं तुषार सुंदरानी सीनियर ब्रांच हेड सीहोर कोटक महिंद्रा बैंक ने जिला फुटबाल संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी आनंद उपाध्याय एवं मनोज दीक्षित मामा को यह प्रतियोगिता आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंप गई है इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन कोच विपिन पवार से संपर्क करें कर सकते हैं।

### नशा में दौलत का भी उतर जाएगा, गर अपनों ने ठुकराया तो किधर जाएगा : जायसवाल

# राष्ट्रीय कलचुरी कवि परिषद का अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




राष्ट्रीय कलचुरि एकता महासंघ के साहित्यिक प्रकोष्ठ के अन्त्रगत राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद, भारत का राष्ट्रीय अधिवेश होटल क्रीसेंट्र रिसोंट सीहोर में राष्ट्रीय कलचुरि एकता महासंघ की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. अर्चना जायसवाल इन्दौर के मुख्य अतिथ्यि में अध्याक्षता श्री वृंदावन राय ''सरल'' सागर तथा कार्यक्रम के स्वागताध्याक्ष प्रदेश अध्याक्ष श्री राकेश राय सीहोर रहे। राष्ट्रीय कलचुरि एकता महासंघ साहित्यिक प्रकोष्ट के राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद, भारत के संस्थापक शायर सुरेश जायसवाल ''अहम'' ने बाताया कि प्रयागराज अधिवेशन में गठित राष्ट्रीय राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद, भारत का गाठन संरक्षक विनय सागर जायसवाल वरेली कवि सूरज राय जबलपुर साहित्यकर अश्वनी जायसवाल लखनऊ हास्य कवि राजेन्द्र मालवीय इटारसी डॉ गणेश राय दमोह सुरेश जायसवाल हरदा के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुआ इसी अवसर पर तीन सत्रों में अ.भा. कवि सम्मेलन भी सम्पन्न हुआ प्रथम वरिष्ट कवि सम्मेलन में हास्य कवि शरद जायसवाल कटनी, गीतकार संत ओमप्रकाश जायसवाल भिलाई गतिकार-सुनील कुमार जायसवाल जगदलवी रायपुर, ओज कवि राजेश जायसवाल पिपरिया ने एक से बढकर एक रचना सुनाकर शमां बांधा जिसका सफ ल एवं अद्भूत मंच संचालन गतिकार लखमीचन्द्र चौधरी कुरावर ने किया। द्वितीय सत्र में अधिवेशन श्रृंगाररस की मिनाक्षी जायसवाल हजारीबाग, गीतकार अराधना राय, ओज कवयित्री अर्पणा जायासवाल सिद्धार्थ नगर, इति शिबहरे औरेया के मार्गदशत तथा कवयित्रीी राजकुमारी चौकसे भोपाल की अध्यक्षता में कवयित्री सुकांती जायसवाल जगदलपुर, अनामिका चौकसे अनु नरसिंहपुर नीत भावना जायसवाल गुडगांव महिमा माही ललितपुर ने अपनी रचानओ से मंत्रमुग्ध किया मंच का सफ ल संचालन सीमा शिवहरे '' सुमन '' भोपाल ने किया। तृतीय सत्र युवा अधिवेशन कवि सुजीत जायसवाल कौशाम्बी, डॉ मंगलेश जायसवाल कालपीपल, राहुल राय वनखेडी, अजय जायसवाल '' अनहद '' अमेठी, लक्ष्मीकान्त जायसवाल निर्भीक सिंगरोली, जितेन्द्र शिवहरे जुगनु इन्दौर, डॉ. विजेन्द्र जायसवाल सीहोर, लक्ष्मण सिंह चौकसे के मार्गदर्शन मे हास्य युवा कवि सौरभ जायसवाल लखनऊ, हास्य कवि सुशील कलवार कोटा, गोपाल जायसवाल मनहार देवास, ने अपनी बहुत सुन्दर रचानओ की प्रस्तुती दी। अंत मे इसी अवसर पर राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष पद पर कवयित्री राजकुमारी चौकसे भोपाल को सम्मनीत कर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। कार्यक्रम आभार व्यक्त संस्थापक सुरेश जायसवाल सीहोर ने किया।

## जताखेड़ा मार्ग पर हुए गड्ढे आवागमन करने में आती है समस्या बना रहता है हादसों का डर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम जता खेड़ा जोड से जता खेड़ा की दूरी 1 किलोमीटर है। इसी एक किलोमीटर रोड पर ग्राम जता खेड़ा, सतपिपल्या, लसूडलीया, भाऊ खेड़ी, ग्राम पटरिया आदि आते हैं। इस रास्ते की स्थिति काफी खराब है। यहां पर जगह-जगह डामर उखड़ रहा है। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में ठेकेदार ने सड़क के गड्ढों को भर दिया था, जो कि फिर से हो चुके हैं। बारिश के समय में इस मार्ग से निकलने में परेशानी होगी।

### दुर्घटनाओं को रहता है डर

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर हुए गड्ढों की वजह से कई बार लोग गिर चुके हैं। इन गड्ढों की वजह से किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि गड्ढों की मरम्मत कर दी जाए, जिससे कि लोगों को आवागमन में आसानी हो।

### प्रतिबंधात्मक दवाई की बिक्री जोरों पर, मुनाफा कमाने के चक्कर में अप्रशिक्षित व्यक्ति चला रहे मेडिकल

# एंट्री ड्रग ऑपरेशन की कार्रवाई में नारकोटिक्स विभाग ने गिरफ्तार किए मेडिकल संचालक सहित अन्य

### नशीले इंजेक्शन दवाईयों से युवाओं का भविष्य अंधकार में, ड्रग अधिकारी की लापरवाही से चल रहा था यह कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा को लेकर अनेक कानून बनाए हैं उन कानून के तहत जनमानस के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न हो इसके लिए अनेक प्रकार की दवाई सहित सिरप एवं इंजेक्शन को प्रतिबंधित किया है। प्रतिबंधित दवाई इंजेक्शन सिरप विशेष परिस्थिति में डॉक्टरों की सलाह या किसी बड़े सीजर या वरिष्ठ अधिकारी के आदेश के बाद मेडिकल पर उपलब्ध हो सकती हैं। किंतु इन प्रतिबंधित दवाई का वितरण कोई भी मेडिकल संचालक नहीं कर सकता है अगर इन प्रतिबंधित दवाई की खरीदी बिक्री की जाती है तो वह अपराध की श्रेणी में माना जाएगा।

#### मेडिकल स्टोर की जांच के लिए जिला स्तर पर अधिकारी तैनात

शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोर के लिए कुछ नियम संघरित किए हैं उन्ही नियमों के तहत मेडिकल संचालित हो सकते हैं जिसमें मुख्य रूप से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस मेडिकल पर दवाईयों का स्टॉक के साथ डॉक्टर द्वारा लिखे पर्चे अनुसार बेची गई दवाई गोली का बिल का संग्रहण आदि किया जाना आवश्यक है। इसी के साथ ही मेडिकल संचालक की समकक्ष डिग्री होना भी अनिवार्य किया गया है। इन सब बातो का निरीक्षण नियंत्रण करने का अधिकार जिला स्तर पर जिला स्वास्थ अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में ड्रग इंस्पेक्टर सहित संबंधित ब्लॉक के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निहित हैं, किंतु सारंगपुर में शायद मेडिकल की और देखने वाला कोई नही है। अगर है भी तो उनकी मिली भगत या लापरवाही के कारण ही नगर में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मेडिकल संचालित हो रहे हैं। इतना ही नही मेडिकलों पर प्रतिबंध दवाईयों की मेडिकल पर बड़े पैमाने पर खरीदी बिक्री हो रही हैं। प्रतिबंधित नशीली दवाई के सेवन से कई परिवार के बच्चे इसकी चपेट में आ चुके हैं इसके बाबजूद भी यह धंधा खूब फल फूल रहा हैं।




#### एंट्री ड्रग ऑपरेशन नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई संचालक सहित अन्य गिरफ्तार

सोमवार को सारंगपुर में नारकोटिक्स विभाग की टीम द्वारा छपामार कार्यवाही करते हुए सिविल अस्पताल सारंगपुर के सामने संचालित महाकाल मेडिकल एजेंसी के संचालक रूपेश पाटीदार व कर्मचारी अंकित पुष्पद को प्रतिबंधित दवाई का व्यापार करते हुए टीम ने दबोचा इससे यह प्रतीत होता है कि ड्रग अधिकारी की लापरवाही या मिली भगत से इंकार नही किया जा सकता है। नगर में ऐसे अनेक मेडिकल स्टोर हैं जो या तो किसी अन्य के नाम से पंजीकृत हैं या उन्होंने विभाग में मेडिकल संचालित करने की कोई सूचना दिए बिना ही मेडिकल खोल रखे हैं।




#### बिना पर्चे के दे रहे दवाई

शासन के नियमों को ताक में रखकर कई मेडिकल संचालक खुद डॉक्टर बनकर संबंधित व्यक्ति से बीमारी पूछ कर इलाज के नाम पर मोटी रकम लेकर दवाई गोली दे रहे हैं। उन दवाई गोली का मेडिकल पर कोई हिसाब किताब नही होता हैं।

#### जिला स्वास्थ्य अधिकारी को नहीं है जानकारी

सोमवार को सारंगपुर में नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने प्रतिबंधित दवाई बेचने के आरोप में मेडिकल संचालक सहित अन्य व्यक्ति पर कार्यवाही की। इस संबंध में हमारे संवाददाता ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरन वर्डिया से बात की तो उनका कहना था की आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मैं अपने ड्रग अधिकारी से चर्चा कर बताती हूं। लेकिन इसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं की।

#### इनका कहना है

मैं लगातार मेडिकल स्टोर्स पर जाकर जांच करता हूं, किंतु ये अचंभित करने वाली बात है। जानकारी मिली है कि सारंगपुर सिविल अस्पताल के सामने संचालित मेडिकल पर नारकोटिक्स विभाग ने कार्यवाही की मुझे इसकी जानकारी नहीं है। एक मेडिकल स्टोर की जानकारी मिली थी। इस पर मेरे द्वारा कार्यवाही की गई हैं मैं भी नारकोटिक्स विभाग से जानकारी लेता हूं।

**दिलीप अग्रवाल,** ड्रग इंस्पेक्टर राजगढ़,

सारंगपुर के मेडिकल एजेंसी पर प्रतिबंधित दवाई की खरीदी बिक्री की सूचना पर छापामार कार्यवाही की गई जिसमें संचालक सहित तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है।

**मुकेश खत्री,** नारकोटिक्स विभाग उज्जैन

### मप्र विद्युत वितरण कंपनी पर अनियमितता के आरोप

## न कोई टेंडर न कोई सूचना, आचार संहिता में ही लगा ली किराए पर गाड़ियां

### जिले भर के हाल बेहाल, विभाग के कर्मचारियों के परिजन ही ले रहे हैं कंपनी का ठेका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अब उपमहाप्रबंधक के आंखों के नीचे ही विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हो गए हैं। इसमें विभाग के आला अफसर भी आंखें मूंदें बैठे हैं। मामला लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में कैसे पुरानी गाड़ी को हटाकर विभाग के कर्मचारी के भाई की फोर व्हीलर गाड़ी को अटैच करने का है। कैसे बिना किसी टेंडर किए व पटल पर सूचना लगाए कोई फोर व्हीलर अटैच कर सकता है यह नियमों के विरूद्ध जाकर अपनों को फायदा पहुंचाने जैसा है। यही नहीं विभाग के कर्मचारियों की यदि लिस्ट प्रकाशित की जाए तो चौकाने वाले तथ्य सामने आएंगे, जिसमें अधिकतर ठेकेदार कर्मचारियों के परिजन ही है। इस पर जब उप महाप्रबंधक से बात की कई तो उन्होने गोल मोल जबाव देकर बात खत्म कर दी। उल्लेखनीय है कि थोड़ा लंबा समय जरूर हो गया परंतु बात बताना जरूरी है। पूर्व में भी अनियमितता के चलते इस ब्यावरा डिविजन से विद्युत वितरण कंपनी के तीन अधिकारी को विधायक रामचंद्र दांगी के विरोध के बाद एमडी जबलपुर ने सस्पेंड किया था।

#### भैया लानइमैन तो डर काहे का

मप्र विवि कंपनी के हाल यह है कि यहां पर जहां देखों भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनियमितता देखने को मिल जाएगी। सूत्रों के हवाले से लाइनमैन रामेश्वर गिरी के भाई गोकुल गिरी को स्कॉरपियों को आचार संहिता में ही विभाग ने अटैच कर लिया गया। इसके लिए सारे नियमों को ताख पर रख दिया गया क्योंकि भैया लाइनमेन जो ठहरे। उल्लेखनीय है कि गोकुल गिरी इसी कंपनी में ठेकेदारी का काम भी वर्षो से करते आ रहे हैं। ऐसा नही की विभाग के परिजनों द्वारा विभाग को चूना लगाने का यह एकलौता मामला हो। हरिभूमि समय समय पर विद्युत वितरण कंपनी के मामले जनता के सामने लाता रहेगा।

#### फिटनेस और परमिट के बाद भी हटा दी 3 साल पुरानी गाड़ी

आरोप है कि एसयूव्ही 500 जो कि 3 साल पुरानी थी उसे सिर्फ इसलिए हटा दिया गया की अपने फायदे की गाड़ी को विभाग में लगाना था। विभाग में ठेकेदारी कर रहे गोकुल गिरी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सारे नियमों को ताख पर रख दिया गया।

#### इनका कहना है...

मैं अभी गाड़ी में हूं और नेटवर्क में नहीं हूं। बाद में बात करता हूं।

**प्रहलाद क्षेत्रेय,**
उपमहाप्रबंधक विविकं ब्यावरा

## पीड़ित युवक को न्याय दिलाने के लिए एकजुट हुआ जिले का सेन समाज

### पांच दिवस पहले एक युवक से पुलिस एसआई ने की थी मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों जीरापुर थाने में एक युवक को चोरी के संदेह में बुलाकर उससे पूछताछ के नाम पर पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट करके यातना दी गई थी। जब पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा तो उसे घायल ही छोड़ दिया। पुलिस की इस मारपीट और यातना में घायल युवक को पहले जीरापुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया बाद में जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसे उचित उपचार मिला।

जिला अस्पताल पहुंचे घायल युवक गोविंद पिता मनोहर सेन ने मीडियाकर्मियों को पूरी आपबीती बताई। इसके साथ ही गोविंद के माता-पिता ने पुलिस अधीक्षक को भी एक आवेदन देते हुए अपने पुत्र के साथ हुई अमानवीयता पर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी। उक्त संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, न एसडीओपी न ही थाना स्तर से संबंधित दोषियों पर हो पाई है।

#### कार्रवाई नहीं हुई तो सेन समाज आया सामने

ऐसे में दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अब घायल युवक को नाई सेन समाज मंगलवार को सामने आया। समाज के अनेकों लोग पहली खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए पहले एसपी कार्यालय एवं बाद में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। दोनों कार्यालयों में गोविंद सेन के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने हेतु आवेदन दिया गया।

एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक

## सावन में बड़ा महादेव मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को न हो कोई असुविधा, अलर्ट मोड पर प्रशासन

### एसडीएम ने जन सहयोग से बड़ा महादेव मंदिर पर निर्माण कार्य किए जाने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

बड़ा महादेव मंदिर पर जन सहयोग से मंदिर के निर्माण कार्य के लिए मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में अंशुमन राज द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंदिर को वृहद स्वरूप देने के लिए एसडीएम ने मंदिर पुजारी अजय शर्मा, मंदिर पर सेवा कार्य करने वाली बाबा बैजनाथ सेना,जमात मंदिर महंत जितेंद्र दास ,अखंड रामचरित मानस पाठ समिति एवं पत्रकारों से चर्चा की एवं अगले महीने आने वाले सावन सोमवारों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने विशेष दिशा निर्देश भी दिए। जिसमें बड़ी समस्या रही मंदिर की एंट्री व निकासी गेटों को बड़ा किया जाना,नगाड़ खाने के समीप टिन शेड एवं पेवर्स लगवाना एवं पार्वती मंदिर के पास पेवर्स लगाने के आदेश आज नरसिंहगढ एसडीएम द्वारा पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर को दिया गया। सावन मेले में बड़ी तादाद में श्रद्धालु बड़ा महादेव मंदिर दर्शन करने पहुंचते हैं जिसको लेकर प्रशासन अभी से तैयारी में जुट गया है बैठक में एसडीएम ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा की एक बड़ी बैठक का आयोजन भी इसके उपरांत रखा जाएगा जिससे मंदिर में होने वाले विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके बैठक में विधायक से लेकर जनप्रतिनिधि नगर के व्यापारी और गण्यमान्य नागरिक भी बुलाया जाएगा।



#### इनका कहना है

एक बड़ी बैठक का आयोजन भी इसके उपरांत रखा जाएगा, जिससे मंदिर में होने वाले विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। बैठक में विधायक से लेकर जनप्रतिनिधि नगर के व्यापारी और गण्यमान्य नागरिक भी बुलाया जाएगा।

**अंशुमन राज,** अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहगढ़

## पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण की रोकथाम के लिए ज्ञापन

**ब्यावरा।** पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है। इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया, इससे कई प्रकार की समस्याएं आईं।

सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भूगर्भीय जलस्तर नीचे जाने लगा है इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। जिसको लेकर भारतीय मजदूर संघ ने ज्ञापन के माध्यम से वायु, जल,एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ज्ञापन दिया। अपने ज्ञापन के माध्यम से भारतीय मजदूर संघ ने आह्वान किया कि सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाले इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाने के साथ-साथ नदी नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किए जाएं। साथ ही अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए और वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए।



## रिश्वतखोर पटवारी को एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से किया सस्पेंड

**राजगढ़।** जमीन के सीमांकन के एवज में खुजनेर तहसील के ग्रामीण से 25 हजार रुपयों की रिश्वत लेने वाले पटवारी सह प्रभारी राजस्व निरीक्षक राजेश खरे को सोमवार दोपहर लोकायुक्त पुलिस ने 16 हजार रुपए लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। उक्त पटवारी खरे पर लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई जारी रखने की बात कही थी। इसके उपरान्त अब स्थानीय प्रषासन ने भी पटवारी खरे को मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के तहत दोषी पाया है। राजगढ़ अनुविभागीय अधिकारी ने पटवारी राजेश खरे को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही खरे का मुख्यालय नायब तहसीलदार कालीपीठ नियत किया गया है। निलंबित कर्मचारी को शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

#### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जेठड़ा में बोल्डर बंधान का कार्य किया

*शुजालपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को जनपद शुजालपुर के ग्राम पंचायत जेठड़ा में बोल्डर बंधान का कार्य जन सहयोग से किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच मनोज वर्मा ने बताया की इससे आसपास का जल स्तर बढ़ेगा।*



## नपाध्यक्ष पालीवाल ने वर्षा ऋतु पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों व जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया



**सारंगपुर।** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सारंगपुर पंकज पालीवाल के आदेशानुसार वर्षा ऋतु पूर्व नगर में बड़े-बड़े नाले नालिया एवं जल भराव क्षेत्र में सतत अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सीएमओ एलएस डोडिया के निर्देशन एवं अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा नगरीय क्षेत्र सारंगपुर के समस्त बड़े बड़े नालो एवं नालियों व जल भराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया गया एवं उक्त क्षेत्र में जेसीबी मशीन व कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए जिससे कि वर्षा का पानी आसानी से नगर से बाहर निकल सके एवं कही भी वार्ड मोहल्लो में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जेसीबी मशीन से नालो नालियों की सफाई कराने संबंधित को निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण में पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल अमित गिरजे सहित स्वच्छता प्रभारी सतीश कण्डारे गोकुल पुष्पद जितेंद्र भेरवे तरुण दावरे मनीष गिरजे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### मेवाड़े समाज की बालिकाओं के लिए हर संभव सहायता की कही बात

## माता-पिता का साया सिर से उठने के बाद अब आगे आईं सेवाभावी महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर के तिलक मार्ग निवासी स्वर्गीय हरिशंकर मेवाड़े का कई साल पहले निधन हो गया था। पति की मृत्यु उपरान्त उनकी पत्नी धापूबाई मेवाड़े अपनी दोनों पुत्रियों का पालन-पोषण, षिक्षा आदि के लिए दिन-रात मेहनत, मजदूरी कर रही थी। इसी बीच धापूबाई भी कैंसर बीमारी से पीड़ति हो गईं और उपचार के दौरान एक पखवाड़े पहले उनका निधन हो गया। हरिशंकर एवं श्रीमती धापूबाई की पुत्रियों को समाजजनों ने तो सभी तरह की सहायता दी है लेकिन अब नगर की अन्य समाजसेवी महिलाएं भी दोनों बेटियों की मदद के लिए आगे आई हैं। समाजसेवी जया जायसवाल मंगलवार को दोनों बेटियों से मिलने उनकी घर पहुंची। घर पहुंचकर उनके रिष्तेदार प्रकाष मेवाड़े से पूछा गया कि शासन की किस योजना का लाभ दोनों बेटियों को दिलवाया जा सकता है। ऐसे में प्रकाष ने घर में रखे कागजातों को देखा जिसमें संबल योजना का जीवित पंजीयन मिला है। समाजसेवी महिलाओं ने अब कलेक्टर राजगढ़ से संबल योजना का त्वरित लाभ बेटियों को दिलवाने की मांग की है।

#### नर्सिंग करना चाहती है बड़ी पुत्री

मृतकों की बड़ी बेटी कक्षा बारहवीं की पढ़ाई अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर चुकी है। उसकी मंशा है कि आगे वह नर्सिंग कर सके। नर्सिंग कोर्स में सहायता के लिए नगर के कुछ समाजसेवियों ने भी अपने स्तर से सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही है। पहले प्रषासन से मांग की गई कि संबल योजना के तहत मिलने वाले सहायता बालिकाओं को जल्द से जल्द दिलवाई जाए ताकि बड़ी बेटी का एडमीषन नर्सिंग कॉलेज में हो सके।

## तालाब सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया



**जीरापुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम पंचायत खेजड़िया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब सुदृढ़ीकरण एवं गहरीकरण कार्य का भुमि पुजन आयोजित हुआ। जहां पर जिला पंचायत सीईओ महिब कुमार तेजस्वी, विधायक हजारीलाल दांगी ने गेंदी चलाकर नो लाख नब्बे हजार रुपए कि लागत से तालाब सुदृढ़ीकरण कार्य का भुमि पुजन किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि दुर्गेश पाटीदार ने सभी अतिथियों को साफा माला पहनाकर स्वागत किया तथा पंचायत में अन्य कामों को करवाने की बात रखी। जहां पर प्रमुख रूप से सरपंच सावित्री बाई पाटीदार,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, हनुमान पाटीदार , बहादुर सिंह, जगदीश दांगी,सब इंजीनियर सहित ग्रामीण जन मोजूद थे। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया तथा कहा कि पेड़ की रक्षा करना सभी का काम है शुद्ध वातावरण पेड़ पौधे से रहता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफॉर्मर में नहीं लगा कट आउट बॉक्स, हादसों का बना रहता है अंदेशा

**सीहोर।** सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम जता खेड़ा में पंचायत भवन व शासकीय प्राथमिक विद्यालय के पास मैन रोड पर विद्युत का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, रोड से डीपी की दूरी लगभग 8 से 10 फीट है जो की रोड की पटरी पर लगी हुई है, इसी रोड पर ग्राम वासियों के मवेशी भी निकालते हैं। ट्रांसफॉर्मर के नीचे कट आउट बॉक्स नहीं लगा है। खुले तार लगे पड़े हुए है, जिससे हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन से खुले तारों की ऊंचाई 3 से 4 फीट है, जिससे कोई भी इसकी चपेट में आ सकता है। साथ ही इसी जगह पर पानी की टंकी से महिलाएं पानी भर कर ले जाती है, यहीं से ग्रामीणों के मवेशी निकलते हैं। इसके अलावा यहीं पर प्राथमिक स्कूल है, बच्चे भी बिजली के तारों की चपेट में आ सकते हैं। ग्राम जता खेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के खुले तारों की जगह पर बिजली कंपनी को जल्द ही कट आउट बॉक्स लगाना चाहिए, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### विधि-विधान से की कुलदेवी की पूजा-अर्चना

**सीहोर।** सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ, मांझी पंचायत सीहोर समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार जेठ महीने में होने वाली सामाजिक कुलदेवी मरी माता के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मांझी समाज अध्यक्ष ने बताया कि अच्छी बारिश की कामना को लेकर हर साल पूजा की जाती है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

# जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन समाज की अधिक से अधिक भागीदारी हो: पटेल

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियों को पुर्नजीवित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधधिक से अधिक पोधरोपड़ करना होगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जिले के आष्टा के ग्राम गोविंदपुरा, सिद्दीकगंज में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मंत्री श्री पटेल आष्टा में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्वती नदी के उद्गम स्थल पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पार्वती नदी के किनारे हर एक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये। इसके साथ ही वर्षा के जल को अधिक से अधिक रोकने के लिए प्रयास करना होगा। जहाँ भी जगह हो पानी को रोका जाए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य है कि जन समुदाय की भागीदारी से सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। मंत्री पटेल ने कहा कि जीवन में सभी लोग पूजा पाठ करते हैं। माँ पार्वती नदी एक प्रकार से हमारी जीवनदायिनी माँ है। ये हमारे जीवन को उज्जवल और उन्नत करने में सहायक होती है ।

ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो, हर व्यक्ति को विशेष अवसर पर अपने परिजनों, विशेष व्यक्तियों की याद में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी नियमित रूप से करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस तरह हरियाली कम हो रही है उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि 40-50 साल बाद क्या स्थिति होगी। माँ नर्मदा में पानी नहीं होगा तब जीवन कितना कठिनाइयों से भरा होग। पहले की पार्वती नदी की स्थिति और आज पार्वती नदी की स्थिति कैसी है। नदी किनारे जो पौधे थे उनका नष्ट होने का दुश्परिणाम देखने मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और स्वस्थ्य जल संरक्षण और पौघा लगाने का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति को लेना होगा। जहां भी खाली जगह हो वहां पौधरोपण करना होगा।


नदी को माँ का दर्जा दिया गया है। जिस मां ने हमें पैदा किया है उसकी चिंता करना हमारा कर्तव्य है । नदी उदगम स्थल को जीवित बनाए रखने के लिए उसका संरक्षण और संवर्धन करना होगा। यदि हम नदियों के पास पौधे लगाएं तो यह पूजा पाठ से कम नही है । उन्होंने कहा कि जो पौधे लगाए हैं, उनको 95 फ़ीसदी से 97 फ़ीसदी तक बचाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, धरासिंह पटेल,प्रताप जाट मंडल अध्यक्ष,राजेंद्र धरवा,सजन सिंह सरपंच गोविंद्रपूरा,



लक्ष्मी नारायण वर्मा,अमर सिंह चौहान सरपंच,जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी स्वती मिश्रा अनुविभागी अधिकारी आष्टा अविनाश सोनानिया तहसीलदार जावर अमित व्यास जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नेवज नदी के अस्तित्व को समाप्त करने को आतुर है नगर परिषदः मनोज वैध

**किनारों पर हो रही पिचिंग में कर रहे भ्रष्टाचार**



**जावर।** नेवेज नदी में हो रहे निर्माणकार्य को देखते हुए पूर्व नपध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विकास के नाम पर भ्रष्टाचार से नेवज नदी के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुली है नगर परिषद जावर संपूर्ण नगर में उक्त कार्य को लेकर के आम जनसाधारण में रोस व्याप्त है पत्रकारों को प्रेस नोट जारी कर गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य द्वारा ने कहा है कि उनके द्वारा पूर्व में भी एक वीडियो जनसाधारण एवं समस्त जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को अवगत कराने के उद्देश्य से पिछले कुछ मह पर्व सोशल मीडिया पर डाला गया था उसमें उन्होंने कहा कि नगर में जो नेवज नदी के दोनों किनारो पर पाल के ऊपर जो पत्थर लगाकर पिचिंग का कार्य चल रहा है। उसमें भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमिताएं की जा रही हैं उसे भारी बरसात के पहले वक्त रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भारी नुकसान होगा। कुछ दिन पूर्व बरसात आई थी उसमें ही जावर नगर परिषद द्वारा किए जा रहे सुनियोजित भ्रष्टाचार की पोल खुल गई।

कई जगह से पत्थर खिसककर के नदी के तले पर आ गए पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने बताया कि अभी तो पूरी तरह से बरसात प्रारंभ भी नहीं हुई है और अभी से यह स्थिति है तो जावर नगरवासी नेवज नदी के वेग को अच्छी तरह से जानते हैं जब नदी में पानी का वेग होता है तब क्या स्थिति निर्मित होगी यह अभी से सभी को ज्ञात है इसी वजह से पूरे नगर में इस विकास कार्य को लेकर के रोश व्याप्त है नागरिकों को यह पिचिंग विकास कार्य कम और विनाश कार्य ज्यादा लग रहा है।

पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने कहा की सरकार नदी गहरीकरण के लिए कार्य करती हैं परंतु नगर परिषद जावर में खुलेआम नदी विकास के नाम पर किया जा रहा भ्रष्टाचार नदी को उथला बना रहा है यदि ऐसे ही रहा तो जावर नगर की पहचान एवं आस्था की प्रतीक नेवज नदी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। जिसमें कोई कोर कसर नगर परिषद जावर नहीं छोड़ रही है पूर्व अध्यक्ष वैद्य ने कहा कि ऐसा कैसा एस्टीमेट बन सकता है जिसमें बगैर लोहे की जाली एवं पत्थरों के बीच में बगैर कंक्रीट माल की फीलिंग हो और फीलिंग और पिचिंग का कार्य मिट्टी द्वारा किया जा रहा है और यदि एस्टीमेट में यह है तो यह सुनियोजित भ्रष्टाचार है लगभग दो करोड़ के लागत से हो रहे इस पिचिंग निर्माण कार्य में भारी अनियमित बढ़ती जा रही है जिसकी शिकायत हमारे द्वारा लोकायुक्त कार्यालय भोपाल, मुख्यमंत्री आवास भोपाल, प्रमुख सचिव नगरी प्रशासन मध्य प्रदेश ,आयुक्त नगरी प्रशासन संयुक्त संचालक एवं कलेक्टर सीहोर को लिखित शिकायत की गई है।

जल्द ही अनियमितता बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं की गई तो हमारे द्वारा जल्दी ही मुख्य बाजार गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहुंचे किलेरामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह मंगलवार को किलेरामा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के महासचिव कैलाश परमार के काका माखनसिंह परमार के निधन पर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनत्व और प्रगाढ़ता ये दो शब्द हैं जो हमे सभी प्रकार के भेद-विभेद से परे सुख-दुख में साथ देने के लिए प्रेरित करते हैं। किलेरामा ग्राम प्रगतिशील कृषि का प्रयोगी रहा है। गांव के बुजुर्ग माखनसिंह परमार ने एक कृषक के रूप में अपने सफल जीवन को जिया, मैं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। सिंह ने कहा कि जीवन को सादगी ,संतुलन और सक्रियता से जीने का निरन्तर उपक्रम करना चाहिए।

उन्होंने माखन सिंह के पुत्र श्रीराम, लक्ष्मीनारायण और अशोक से चर्चा कर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र मालवीय, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, वरिष्ठ पार्षद भैया मियां, दशरथ सिंह मुरावर, डॉक्टर ओपी वर्मा, प्रदीप प्रगति, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, लोकेंद्र बनवट, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, नरेन्द्र कुशवाह, सुभाष नामदेव, इदरीस मंसूरी, नईमुद्दीन, धर्मेंद्र ठाकुर, चंदर ठाकुर, अर्जुन अजय,मसूद खान मौजूद थे।

# दुबे के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अगल पहचान स्थापित करने वाले शिक्षक सतीश दुबे की हृदयघात से गत दिनों निधन होने पर स्थानीय श्री साईं पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल जावर में एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा शिक्षक साथी ने उपस्थित होकर अपने दिवंगत शिक्षक साथी स्वर्गीय दुबे को अपने शब्दो से भावांजलि तथा पुष्पों के माध्यम से पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। श्रद्धांजलि सभा में शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में सर्वश्री कमल कुमार जैन,अरविंद अजमेरा, दिनेश बाहेती,डॉओम प्रकाश दुबे, राजकुमार सोनी, बाबूलाल पटेल, मेहरवान सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह,श्याम शर्मा, जयनारायण राठौर, अनिल अजमेरा, बाबूलाल अध्यापक, कमल सिंह,संजय अजमेरा, जयंत बिल्लोरे, मुकेश पांचाल, मनोज अजमेरा, कमलेश खत्री,मनोज वेध, तेजसिंह कप्तान, तेजपाल ठाकुर श्री साई पब्लिक स्कूल, शिवम सोनी, राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्रसिंह, प्रभुलाल मालवीय, अकबर सिद्दीकी, अशोक मालवीय, शंकर लाल गुप्ता, दिनेश खत्री, मयंक, राजपाल सिंह, अंकित अजमेरा, गुलाब सिंह, धर्मेन्द्र सिंह सरपंच, कृपाल, सोबल सिंह,धर्मेन्द्र, देवेंद्र भावसार, संजय जायसवाल, विजेंद्र सिंह कुंजड़ा, रवि राठौर आदि उपस्थित थे।

# जिनवाणी को वस्त्र में रखकर रजत विमान में किया विराजमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्रुत पंचमी महापर्व मंगलवार को उपकार दिवस के रूप में मनाया गया। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर, श्री चन्द्रप्रभु मंदिर नजर गंज, श्री नेमीनाथ जिन मंदिर साईं कॉलोनी में जिनवाणी को वस्त्र में रखकर रजत विमान में विराजमान कर जय-जय, जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रुत पंचमी के दिन जैन धर्मावलंबी मंदिरों में प्राकृत, संस्कृत, प्राचीन भाषाओं में हस्तलिखित प्राचीन मूल शास्त्रों को शास्त्र भंडार से बाहर निकालकर, शास्त्र-भंडारों की साफ-सफाई करके, प्राचीनतम शास्त्रों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें नए वस्त्रों में लपेटकर सुरक्षित किया जाता है तथा इन ग्रंथों को भगवान की वेदी के समीप विराजमान करके उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। क्योंकि इसी दिन जैन शास्त्र लिखकर उनकी पूजा की गई थी, उससे पहले जैन ज्ञान मौखिक रूप में आचार्य परंपरा से चल रहा था। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को पर्व को मनाया गया।

# लड़की ने रची खुद के अपहरण की झूठी कहानीः पुलिस ने 3 घंटे में दोस्त के घर से ढूंढा, की जा रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आष्टा के सेमनरी रोड से खुद के अपहरण की झूठी कहानी बनाकर अपने परिवार और पुलिस को गुमराह करने वाली लड़की और उसके दोस्तों को आष्टा पुलिस ने 3 घंटे से भी कम समय में पकड़ लिया। पुलिस लड़की और उसके साथियों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि 10 जून को फरियादी महेश पिता हरिप्रसाद विश्वकर्मा ने थाने पर शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसकी बेटी कृतिका विश्वकर्मा अपनी सहेली निकिता मेवाड़ा के साथ शाम 4 बजे पंकज राव सर के पास संगीत क्लास गई थी।

इसके बाद करीब साढे 6 बजे जब वह अपनी सहेली के साथ वापस आ रही थी, तभी जितेन्द्र शर्मा के घर के पास दो अज्ञात लड़के अपनी बाइक से आए और सहेली निकिता को धक्का दिया और जबरदस्ती कृतिका का मुंह पकड़ कर गाड़ी पर बैठा कर ले गए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने तत्काल जिले की विभिन्न टीमें गठित कर लड़की की तलाश शुरू की। इसके बाद टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले। नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे की टीम ने अपहर्ता को उसके पुरूष मित्र के घर सीहोर से बरामद किया। आष्टा थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि युवती से बात करने पर पता चला कि आयुष विश्वकर्मा और कृतिका पूर्व से एक दूसरे के परिचित हैं।

दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर बातचीत भी करते थे। लड़की के माता-पिता उनके रिश्ते से सहमत नहीं थे। इसके बाद कृतिका ने अपने मित्र के साथ मिलकर खुद के अपहरण की झूठी कहानी बनाई। पुलिस लड़की और उसके साथियों से पूछताछ कर रही है।

**शहर के प्रमुख चौराहों को कराया अतिक्रमण मुक्त**

# यातायात पुलिस ने ठेले वालों पर लगाया जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के अस्पताल चौराहा, अलीपुर, भोपाल नाका, मंडी गेट सहित कई प्रमुख मार्गों पर ठेले खड़े रहते है। इस कारण कई बार दुर्घटना घटित हो जाती है। इसी को देखते हुए यातायात पुलिस ने सोमवार शाम शहर के प्रमुख चौराहों से ठेले वालों पर 3500 का जुर्माना भी लगाया। यातायात चौकी प्रभारी ललित कुमार दुबे ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ठेले खड़े रहते हैं। जिससे ट्रैफिक बाधित होता है, इसी को देखते हुए लगातार मुहिम चलाई जा रही है। रात्रि में भी भोपाल नाका, अस्पताल चौराहा, अलीपुर, मंडी गेट क्षेत्र में चौराहों पर खड़े ठेलों पर चालानी कार्रवाई की और चौराहे को मुक्त कराया आगे भी यहां कार्रवाई जारी रहेगी। इन चौराहों पर पुलिस आती है और ठेले वाले भाग जाते हैं फिर आ जाते हैं। शहर के प्रमुख चौराहों पर ठेले वालों की यह स्थिति है कि पुलिस चालानी कार्रवाई करने के बाद भी बाज नहीं आते हैं जैसे ही पुलिस जाती है फिर वापस चौराहों पर आकर खड़े हो जाते हैं। सबसे ज्यादा अस्पताल चौराहे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यहां पर समय-समय पर पुलिस कार्रवाई भी करती है लेकिन उसके बाद भी अभी तक इस चौराहे का स्थायी हल नहीं निकल सका है, आए दिन यहां पर बार-बार जाम लगता है। शहर के अलीपुर, पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका, कॉलोनी चौराहा, मंडी गेट क्षेत्र में भी बेपनाह अतिक्रमण है। इधर ठेले खड़े रहते हैं लेकिन नगर पालिका मात्रा कभी-कभी औपचारिकता निभाती है ठेले वालों के कारण आए दिन कन्नौद मार्ग पर जाम का सामना करना पड़ता है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने इस मामले में कहा है कि हम लगातार शहर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम चला रहे है। जहां भी जानकारी मिलती है, वहां का अतिक्रमण तुरंत हटा देते हैं।

# जिस विभाग के भरोसे 300 गांव के किसान उसमें नहीं हैं स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खेती को बढ़ावा देकर किसानों को उन्नतिशील बनाने का जमकर ढिंढोरा पीटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हालत यह है कि जिस कृषि विभाग के भरोसे किसान है, उसकी ही हालात खराब पड़ी है। आष्टा कृषि विभाग में जरूरत का औसत एक तिहाई स्टॉफ नहीं है, जिससे कैसे समय पर फसलों का सर्वे कार्य और किसानों को जानकारी मिलती होगी अंदाजा लगा सकते हैं। यह स्थिति पिछले कई साल से चली आ रही है पर कुछ नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार आष्टा कृषि विभाग से 144 ग्राम पंचायत के तहत आने वाले 300 गांव जुड़े हैं। शासन की कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कृषि विभाग के भरोसे है, लेकिन विभाग स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है। वर्तमान में एसएडीओ को मिलाकर कुल करीब 27 पद है, जिसमें से आधा स्टाफ भी नहीं है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रूरल एग्रीकल्चर डेव्लपलमेंट ऑफिसर को एक सप्ताह के अंदर एक गांव में जाना जरूरी रहता है, लेकिन वर्तमान स्थित में ऐसा संभव ही नहीं हो रहा है। आष्टा क्षेत्र में औसत 50 गांव पर एक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी है, जिससे वह क्षेत्र को कवर ही नहीं कर पाते हैं। ऐसे में कई बार तो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को गांवों में पहुंचने में दो से तीन महीने तक का समय लग जाता है, जिससे किसान योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा अन्य कार्य भी नहीं हो पाते हैं। कृषि विभाग के अनुसार आष्टा विकासखंड में करीब 90 हजार हेक्टेयर जमीन में खेती होती है। कई जागरूक किसान कृषि विभाग से ही शासन की योजना और अन्य जानकारी प्राप्त कर खेती करते हैं। वर्तमान हालात में उनको समय पर जानकारी नहीं मिल रही है। विभाग में स्टॉफ बढ़ता है तो कामकाज समय पर होंगे ही वही किसानों को भी कृषि संबंधी सभी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। विभाग की तरफ से उच्च स्तर पर कई बार इसके लिए पत्र लिखा गया है, लेकिन आज तक रिक्त पदों पर भर्ती नहीं हो सकी है। कई पदों पर तैनात अफसर रिटायर्ड हो गए, लेकिन उनके स्थान पर भी कोई नहीं आया है। बीएस मेवाड़ा, एसएडीओ कृषि विभाग आष्टा ने बताया कि हमारी तरफ से रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए उच्च स्तर पर अवगत करा दिया है।